# डीबी डिजिटल मीडिया

DB NEWS A Digital Media

■ वर्ष-01 ■ अंक-02 ■ बालोद,रविवार 17 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-08 ■ मूल्य-4 रुपये

प्रिंट मीडिया पार्टनर प्रदेश सत्ता









# देशभक्ति के रंग के सामने फीका पड़ा बारिश और कीचड़ भी

**बालोद >>डीबी डिजिटल मीडिया**

जिला मुख्यालय बालोद में स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन भी किया। शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। कार्यक्रम में संजारी-बालोद के विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नपा उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, बिरेन्द्र साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, राकेश यादव, यज्ञदत्त शर्मा, केसी पवार, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, एसपी योगेश कुमार पटेल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 14वीं वाहिनी धनोरा के सेनानी उमेश गुप्ता, डीएफओ अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा, नूतन कंवर, एएसपी मोनिका ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन में सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि बारिश के उपरांत भी बड़ी संख्या में आम नागरिकगण पूरे समय उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुमूल्य भूमिका निभाई। स्कूली बच्चों सहित दर्शक बारिश और कीचड़ के बावजूद देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आए।





विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने कीचड़ और बारिश के बीच शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। तो वहीं दर्शक भी पूरे अंत तक आयोजन में मौजूद रहे। आयोजन के दौरान लगातार हो रहे बारिश के बावजूद भी विद्यार्थियों एवं दर्शकों के उत्साह में किसी प्रकार की कमी नही आई।

इसके अलावा परेड में शामिल सशस्त्र बल, पुलिस बल के जवानों तथा स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्षफायर, राष्ट्रपति की जय का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# छाता ओढ़े कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय में फहराया तिरंगा

**>>डीबी डिजिटल मीडिया**



**बालोद ।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ध्वजारोहण के दौरान बारिश हो रही थी उन्होंने छाता ओढ़कर ही ध्वज लहराया । श्रीमती मिश्रा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हमारे महान देशभक्तों, अमर शहीदों के कार्यों एवं विचारों से प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर राष्ट्र व समाज की सेवा में योगदान देने को कहा। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर देश की आजादी के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग समीर पाण्डेय, जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा देशभक्तिपूर्ण सुमधुर गीत-संगीत की प्रस्तुति के अलावा काव्य पाठ भी किया गया। इस अवसर पर अजय किशोर लकरा, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद भारद्वाज, जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# परेड में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को किया गया सम्मानित



**बालोद >>डीबी डिजिटल मीडिया**

स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत परेड सीनियर में जिला पुलिस बल को प्रथम स्थान, छत्तीसगढ़ शस्त्र बल 14वीं वाहिनी धनोरा को द्वितीय स्थान एवं नगर सेना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह परेड जुनियर के अंतर्गत एनसीसी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद प्रथम स्थान, रोवर्स स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद को द्वितीय स्थान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल रेडक्रॉस बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में महावीर अंग्रेजी माध्यम स्कूल बालोद को प्रथम स्थान, गुरूकुल विद्यापीठ स्कूल बालोद को द्वितीय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में परेड कमाण्डर के रूप में रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा एवं उप निरीक्षक श्रीमती अनुराधा बोरकर ने टूआईसी के दायित्वों का निर्वहन कर समारोह में आकर्षक मार्च पास्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# साहू सदन कोलिहामार में तहसील कोषाध्यक्ष ने लहराया तिरंगा

**गुरुर >>डीबी डिजिटल मीडिया**

तहसील साहू सदन कोलिहामार गुरुर में तहसील कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू ने ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व भारत माता के तैलचित्र पर पूजा अर्चना की गई। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान कर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर वीर जवानों की बलिदानों को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पण किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामदयाल साहू , सचिव न्याय प्रकोष्ठ योगेश साहू , कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष भरत लाल सार्वा ,तोमन साहू भूपेश साहू ,विनोद महमल्ला , पवन महमल्ला , नागेश साहू ,उमेश साहू, मीडिया प्रभारी सूर्यकांत साहू, प्रभात महमल्ला, समाज सेवक एवं अधिक संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।



# मोहारा विद्यालय में स्कूली बच्चों ने दी मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति , अतिथियों ने किया सम्मानित



**गुरुर >>डीबी डिजिटल मीडिया**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोहारा एवं सभापति जनपद पंचायत गुरुर थे। अध्यक्षता आर साहू प्राचार्य शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहारा ने की। विशेष अतिथि तेजेश्वरी नेताम सरपंच, दिनेश्वर सिन्हा उप सरपंच,विजयलक्ष्मी बंजारे पंच प्रतिनिधि, डॉ गोपाल साहू शिक्षाविद, बोधराय हिरवानी,शिक्षाविद, केशव राम धनकर अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोहारा, छबिलाल धनकर, अध्यक्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा, मनहरण लाल साहू अध्यक्ष प्राथमिक शाला मोहारा के आतिथ्य में हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता भाषण की मोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने पालकों से निवेदन किया कि भी पालक बालक मेगा मीटिंग हो , उसमें उपस्थिति प्रदान करें और अपने स्कूल और बच्चे के बारे में जाने । वृक्षारोपण के लिए बालोद जिला के कलेक्टर और ग्राम पंचायत मोहारा के सरपंच को धन्यवाद दिया सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी कुर्रे मैडम को भी अच्छे से सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पंचगण टेप सार्वा ,श्यामा बाई, देवधर धनकर, दुबे धनकर, निर्मल सिन्हा, ढालू सिन्हा, ललिता बाई, कुसुम लता, कमलेश्वर सोनवानी, बसंत निर्मलकर, गणपत साहू, आरएस गंजीर, हेमलाल सिन्हा,धर्मेंद्र तेलियासी, परमेश्वर हिरवानी, महेश सिन्हा, डोमेन हिरवानी एवं शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य गण, ग्राम पंचायत मोहारा के समस्त पंचगण ग्राम विकास समिति के समस्त सदस्य गण, स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका एवं समस्त माताएं एवं समस्त बच्चे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन जी व्ही साहू और आभार प्रदर्शन अखिलेश बघेल व्याख्याता शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय मोहारा ने किया।



# गुरुर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



नगर पंचायत गुरुर में ध्वजारोहण करते हुए अध्यक्ष प्रदीप साहू



गुरुर सोसाइटी में ध्वजारोहण करते हुए पदाधिकारी एवं सदस्य



जनपद पंचायत गुरुर में ध्वजारोहण के दौरान मौजूद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, सीईओ उमेश रात्रे सहित अन्य सदस्य

**गुरुर >>डीबी डिजिटल मीडिया**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुर नगर पंचायत मुख्यालय सहित ब्लॉक के विभिन्न गांव में गरिमामय ढंग से आजादी का उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रमुख संस्थानों में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किए गए। नगर पंचायत गुरुर में अध्यक्ष प्रदीप साहू ने ध्वजारोहण किया तो जनपद पंचायत गुरुर में अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने तिरंगा लहराया। इस दौरान जनपद पंचायत में सीईओ उमेश रात्रे, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू सहित समस्त सदस्य और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। गुरुर के सेवा सहकारी समिति में प्राधिकृत अधिकारी हितेश्वर श्याम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पिमन साहू, लखनलाल साहू, रिखी राम साहू, चिंताराम साहू, गंगाराम साहू, राजेश दीवान आदि मौजूद रहे।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की प्रदेश वासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शिक्षा श्री विवेक धुर्वे
व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ज/सांकरा
ब्लॉक व जिला बालोद, प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ व्याख्याता वाणिज्य विकास संघ


आप सभी को साहस और शौर्य
के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
प्रदीप साहू
अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर



आप सभी को साहस
और शौर्य का प्रतीक
राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
टोमन साहू सरपंच ग्राम पंचायत डांडेसरा
विकासखंड गुरूर जिला बालोद


आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
आइए हम सभी अपने महान राष्ट्र की शांति, समृद्धि और
एकता की रक्षा करने का संकल्प लें।
जय हिंद, जय भारत
खेमलाल देवांगन
अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद


15 अगस्त
15 अगस्त
स्वाधीनता
दिवस
की अनंत
शुभकामनाएँ..!
आनंद शर्मा
अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरूर


ग्राम पंचायत टेकापार की ओर से आप सभी को आजादी के उत्सव
स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाए
स्वतंत्रता दिवस
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
श्रीमती खेमेश्वरी साहू
सरपंच ग्राम पंचायत
टेकापार
दीपक साहू सरपंच
प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत टेकापार
राम जी साहू
सचिव
ग्राम पंचायत टेकापार


वंदेमातरम...
भारत माता
की जय...
वंदेमातरम...
Happy
Independence
Day
15
August
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
देश मे सदैव अमन चैन बनी रहे,
जिन वीर शहीदों की वजह से हमे ये आजादी मिली उन सभी
शहीदों को शत् शत् नमन करते हैं
आपका सुमित शर्मा पार्षद, वार्ड क्रं. 12 बालोद


गुरुदेव बिरेंद्र कुमार देशमुख
प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य, समाजसेवी
संस्थापक - मोक्ष धाम फाउंडेशन मां
64 योगिनी कामधेनु मंदिर समिति
लिमोरा गुण्डरदेही जिला बालोद
फोटो - माता काली (विशेषता : लिमोरा में राजस्थान के अलवर से लाई गई
28 टन वजनी विशाल माता काली की मूर्ति, जो एकाश्म मकराना पत्थर को
तराश कर बनाई गई है)
फोटो - मां कामधेनु (विशेषता: मां कामधेनु की मूर्ति जो लाल
पत्थर से बनी है इसे भी राजस्थान के अलवर से लाया गया है)
मोक्ष धाम फाउंडेशन 64 योगिनी मां
कामधेनु मंदिर समिति लिमोरा,
विकासखंड गुण्डरदेही, जिला बालोद छग.
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है
मां कामधेनु और माता काली आपकी सभी
मनोकामनाएं पूर्ण करें....
लिमोरा में जारी
मंदिर निर्माण में
सहयोग और अधिक
जानकारी हेतु संपर्क
करें :-
9755235270
दीपक यादव मीडिया
प्रभारी


DB NEWS
A Digital Media
DB NEWS DIGITAL
MEDIA
दीपक यादव
संपादक एवं संस्थापक
मो. 9755235270
माधुरी यादव
संस्थापक एवं उप संपादक
मो. 7440235155
संतोष साहू
रिपोर्टर एवं प्रसार प्रभारी
मो. 7828963008
ईश्वर लाल गजेंद्र
ग्रुप इंचार्ज
मो. 7610204196
आप सभी सुधी पाठको, सहयोगियों, विज्ञापनदाताओं और आम जनता को डीबी (डेली बालोद) न्यूज, डिजिटल मीडिया परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं.....अभिनंदन...स्वागत.....
"सोशल मीडिया के इस दौर में पोर्टल्स, व्हाट्सएप के पोस्ट, सहित कई सारे लिंक्स और वायरल वीडियो आपको अफवाहों के घेरे में ला खड़े करते हैं। पर हम डीबी न्यूज परिवार आपको सच दिखाने का साहस करते हैं। ऐसा सच और सार्थक समाचार जिस पर आप आंख बंद करके भी भरोसा कर सकते हैं। यह भरोसा हमने आज से नहीं बल्कि 2007 से जारी इस पत्रकारिता के दौर में दौड़भाग, मेहनत और तपस्या से कायम किया है। तब जाकर हमने भी बहुत कुछ सीखते हुए सुधार किया है। आगे भी आप सभी के सहयोग से हम एक बेहतर मुकाम हासिल करने के साथ आप तक अच्छी और बड़ी खबरें इसी तरह पहुंचाते रहेंगे। हमारी मीडिया को आगे बढ़ाने में योगदान देने वाले आप सभी सहयोगियों, विज्ञापनदाताओं का हमेशा आभारी रहेंगे। अगर आप भी हमारे प्लेटफार्म के जरिए अपने संस्थान, दुकान या व्यक्तिगत प्रचार प्रसार करवाना चाहते हैं तो जरूर संपर्क करें। हम उचित और कम दर पर विज्ञापन, फीचर न्यूज और वीडियो/ स्पेशल स्टोरी के साथ इंटरव्यू तैयार करते हैं। जिससे आपके जीवन के बारे में दूसरे अच्छी तरह जान सके। हमारा मकसद आपको समाचार, घर बैठे सुविधा और जन सरोकार वाली पत्रकारिता दिखाना है। अब आपके डीबी न्यूज़ के जरिए हम सिर्फ एक पोर्टल ही नहीं बल्कि डिजिटल एडिशन पत्रिका और यूट्यूब चैनल में भी अपनी पहुंच बना चुके हैं। आपकी खबरें तीनों प्लेटफार्म पर प्रचारित और प्रसारित की जाती है। इसी तरह अपना सहयोग, समर्थन और स्नेह हमेशा हम पर बनाए रखें। आप सभी का पुनः धन्यवाद....🙏
(खबरें और विज्ञापन प्रकाशन हेतु हमें जरूर संपर्क करें और हमारी मीडिया को आगे बढ़ाने में फंडिंग कर सपोर्ट करें, अपनी इच्छानुसार हमारी टीम और पत्रकारिता को मजबूत करने के लिए दिए क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं या सीधे फोन पे/ गूगल पे नंबर 9755235270 पर योगदान दे सकते हैं)
मुख्य कार्यालय एवं पता: ग्राम जगन्नाथपुर, बालोद सुंदरा मार्ग, जिला बालोद, छत्तीसगढ़, मो. 9755235270


AUGUST
15
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
टुकेश्वर पाण्डेय
अध्यक्ष भाजपा मंडल मिरींटोला (गुरुर)


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
दीपक देवदास
उप संपादक डीबी डिजिटल मीडिया


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहामार,गुरुर
संगीता लेखक चतुर्वेदी


अपना सर्वस्व अर्पण कर देश को स्वाधीनता दिलाने वाले असंख्य राष्ट्रभक्त सेनानियों को नमन
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य पिपरे
जिलाध्यक्ष भाजयुमो. बालोद
पूर्व जनपद सदस्य गुरुर



स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सलाहकार संपादक डीबी डिजिटल मीडिया
यशवंत पुरी गोस्वामी


जय हिन्द
"सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्ताँ हमारा, हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलिस्ताँ हमारा"
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
दुर्गानंद साहू
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर


विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मोनू ठाकुर
अध्यक्ष शहर युवा कांग्रेस गुरुर


15 अगस्त
सभी देशवासियों को साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संतोष प्रजापति
भेजा मैदानी गुरुर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
उन अमर शहीदों को याद करें, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।
उमेश रात्रे
सीईओ
जनपद पंचायत गुरुर


आप सभी को
राष्ट्रीय महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अनेकता में एकता ही हमारी शान है,
इसलिए हमारा भारत महान है।
अंचल प्रकाश साहू
कार्यकारी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बालोद


हिन्द सेना
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
तरुण नाथ योगी
प्रदेश मुख्य संयोजक हिंद सेना


15
अगस्त
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डेविड कुमार मंडावी
जिला मीडिया प्रभारी, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला बालोद
छाया सरपंच ग्राम पंचायत खपरी भोथीपार


आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th
Independence Day
सुनीता संजय साहू
अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर


॥ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने॥
॥ प्रणतः क्लेनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥
आप सभी को
श्री कृष्ण
जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएँ।
गोपी साहू
विधायक प्रतिनिधि
डौंडीलोहारा नगर पंचायत


आप सभी देशवासियों को 78वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं ।
दयालूराम पिकेश्वर, राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानपाठक
शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा विकासखंड डौंडीलोहारा जिला बालोद छग.



15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
पर सभी देशवासियों को गरिमामयी
शुभकामनाएं।
देश को विकास एवं प्रगति के पथ पर ले जाना हमारा कर्तव्य है।
पूजा वैभव साहू
जिला पंचायत सदस्य
क्षेत्र क्रमांक 9 बालोद


सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम,
शस्यश्यामलाम मातरम
वन्दे मातरम...
स्वतंत्रता दिवस
की अनंत शुभकामनाएं।
जयंत किरी
समाज सेवी गुरुर


15th August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती बसंती पिकेश्वर
सहायक शिक्षक पी.एम.श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर
विकासखण्ड डौण्डी लोहारा जिला बालोद छ.ग


नंद घर आनंद भयो,
जय हो नन्द लाल की।
हाथी घोड़ा पालकी,
जय कन्हैया लाल की ।।
श्रीकृष्ण
जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं!
अरुण साहू
अध्यक्ष, भाजपा मंडल जुंगेरा निवास: जगन्नाथपुर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
तामेश्वर प्रसाद कौशल
अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ जिला बालोद
उच्च वर्ग शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगीतराई
विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद


समस्त देशवासियों
को राष्ट्रीय गौरव के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
यशवंत जैन
प्रदेश महामंत्री,भाजपा छत्तीसगढ़


भगवान श्री कृष्ण जी के
जन्मोत्सव के पावन पर्व
श्री कृष्ण
जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं।
किशोरी लाल साहू
वरिष्ठ भाजपा नेता,पूर्व जिला अध्यक्ष साहू समाज बालोद

# महिला कमांडो की फिर बढ़ी शान, पद्मश्री शमशाद बेगम ने लखनऊ में केंद्र सरकार की संस्थान में किया ध्वजारोहण

**बालोद >>डीबी डिजिटल मीडिया**

बालोद जिले में सर्व महिला कमांडो की प्रणेता पद्मश्री शमशाद बेगम ने स्वतंत्रता दिवस पर लखनऊ में भारत सरकार के एक संस्थान में मुख्य अतिथि के तौर पर ध्वजारोहण किया। सीएसआईआर भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉक्टर भास्कर नारायण द्वारा उन्हें आमंत्रित किया गया था। जहां गरिमामय आयोजन के बीच शमशाद बेगम ने तिरंगा लहराया। साथ ही प्रोजेक्टर पर महिला कमांडो के कार्यों पर आधारित 11 मिनट का एक वीडियो प्रसारित किया गया। जिसमें 1990 से अब तक के सफर, महिला कमांडो के गठन की कहानी को दिखाया गया। इस वीडियो को देख संस्थान के अधिकारियों सहित वैज्ञानिकों ने महिला कमांडो की कार्यों को सराहा। निदेशक भास्कर ने कहा कि पद्मश्री शमशाद बेगम के कार्यों से हमें यह सीख मिलती है कि बिना किसी संसाधन के भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। बस खुद के अंदर कुछ करने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। 16 अगस्त को घर लौटी पद्मश्री शमशाद बेगम ने लखनऊ के आयोजन का अनुभव बताते हुए कहा कि मुझे वहां काफी गौरव महसूस हुआ। मेरा सम्मान तिरंगा गमछा, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। यह मेरा नहीं सर्व महिला कमांडो का सम्मान है। मेरे साथ प्रोग्राम ऑफिसर सोनम सिंह राजपूत भी बालोद जिले से जिला प्रशासन की ओर से गई हुई थी। महिला कमांडो के कार्य पर आधारित 11 मिनट का वीडियो देखकर जब लोगों ने तालियां बजाई तो उस वक्त गर्व से सीना चौड़ा हो गया। बताया गया कि कैसे हमने 1990 से महिला मंडल, स्व सहायता समूह की शुरुआत की फिर मितानिन बनाए गए और धीरे-धीरे महिलाओं को एकजुट कर महिला कमांडो का गठन किया गया और कारवां बढ़ता गया। आज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर भी बिना किसी तनख्वाह के महिला कमांडो निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करती है। विभिन्न जागरूकता अभियान में अपनी सहभागिता देती है। कलेक्टर दिव्या मिश्रा के द्वारा समय समय पर महिला कमांडो की प्रशंसा की



जाती है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यालय और कॉलेज दोनों जगह पद्मश्री शमशाद बेगम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जहां उन्हें सेवा निवृत सैनिकों द्वारा गॉड ऑफ ऑनर भी दी गई प्रधानमंत्री होते हैं उक्त संस्थान के अध्यक्षज्ञात हो कि सीएसआईआर यानी (Council of Scientific & Industrial Research) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद और भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (INDIAN INSTITUTE OF TOXICOLOGY RESEARCH) होता है, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार (MINISTRY OF SCIENCE & TECHNOLOGY, GOVT. OF



INDIA) के अंतर्गत आता है। संस्थान के निदेशक डॉ. भास्कर नारायण एमएमएससी, पीएचडी 12 अगस्त को पद्मश्री शमशाद बेगम को स्वतन्त्रता दिवस 2025 समारोह हेतु आमंत्रण भेजा था। जिसमें उन्होंने लिखा था सीएसआईआर-आईआईटीआर) लखनऊ, भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत सीएसआईआर की एक प्रयोगशाला है। प्रधानमंत्री , सीएसआईआर के अध्यक्ष हैं। संस्थान का ध्येय, बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित पर्यावरण है। यहां जो भी दवाइयां बनती है उनकी जांच होती है कि वह मानव शरीर के लिए किसी तरह से घातक तो नहीं है।

इसलिए हुआ सम्मानलखनऊ से आए पत्र में शमशाद बेगम के कार्यों का जिक्र करते हुए लिखा गया था कि देश में सामाजिक उत्थान के लिए बाल शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में आपके महत्वपूर्ण योगदान से हम पूर्णतया अवगत हैं सामाजिक उत्थान हेतु महिला साक्षरता, बाल कल्याण एवं महिला उद्यमिता के क्षेत्र में आपका सार्थक जीवन विगत 34 वर्ष से समर्पित है, आपकी इन विशिष्ट सेवाओं पर हम सभी को गर्व है। पदमश्री सम्मान 2012 उनके अद्वितीय योगदान का परिचायक है। वहीं इस सम्मान और आमंत्रण के लिए पद्मश्री शमशाद बेगम ने जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बालोद की नर्मदा कोठारी को मिला पुलिस महानिरीक्षक पुरस्कार

**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**बालोद/रायपुर ।** पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य आयोजन में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 35 पुलिस अधिकारियों और जवानों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदकों से सम्मानित किया। श्री साय ने पुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को अलंकृत किया। इस दौरान बालोद थाने में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक नर्मदा कोठारी को पुलिस



महानिदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसके तहत उन्हें 25000 नगद और प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में मिला है नर्मदा कोठारी को गया सम्मान बच्चों और महिलाओं से संबंधित अपराधों के त्वरित विवेचना और अपराधों के निराकरण के लिए मिला है ज्ञात हो कि वे बालोद जिले में बालोद, गुरूर सहित विभिन्न थाने में पदस्थ रही। इस दौरान कई बड़ी घटनाओं में विवेचना करने में उनके अहम भूमिका रही है। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों में उन्होंने त्वरित कार्रवाई में उच्च अधिकारियों के विवेचना में साथ काम किया है।नर्मदा कोठारी वर्तमान में बालोद सिटी कोतवाली में पदस्थ हैं। महिला एवं बाल संबंधित अपराधों में उत्कृष्ट विवेचना, समय पर चालान कोर्ट में पेश करने और अनुशासनप्रिय कार्यशैली के लिए उन्हें राज्य स्तरीय पुलिस महानिदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# डोंगीतराई मिडिल स्कूल में छात्राओं ने दी राउत नृत्य की मोहक प्रस्तुति





**बालोद।** गुण्डरदेही ब्लॉक के शासकीय माध्यमिक शाला डोंगीतराई में उत्साह के साथ आजादी का उत्सव मनाया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति दी। छात्राओं ने आकर्षक वेशभूषा में राउत नृत्य प्रस्तुति दी जिसे काफी लोगों ने सराहा। इस दौरान प्रधान पाठक वाई आर धनकर, शिक्षकों में टी आर देशलहरे, अशोक साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, तामेश्वर प्रसाद कौशल आदि मौजूद रहे।

## गुरुर में निकली कृष्ण जन्माष्टमी पर झांकी और कलश शोभायात्रा



**गुरुर ।** गुरुर में कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान बच्चे श्री कृष्ण और राधा रानी की वेशभूषा में नजर आए। झांकी रूपी शोभायात्रा को गली भ्रमण कराया गया।इस दौरान लोगों ने कई जगह पूजा अर्चना की। साथ ही समाज की महिलाओं द्वारा कलश लिए नगर भ्रमण किया गया।

## बीएमओ कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

**गुरुर ।** गुरुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संचालित ब्लॉक मेडिकल



ऑफिसर कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर मनाया गया। इस दौरान बीएमओ डॉ सुनील भारती ने भारत माता की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर



पर डॉक्टर शुभम चंद्राकर, के आर उर्वशा, डॉक्टर डीआर ठाकुर, सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर बालोद में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह





**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**बालोद ।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में आयोजित " स्वतंत्रता दिवस समारोह" में मुख्यअतिथि हरिश कुमार सांखला अध्यक्ष- चेम्बर ऑफ कामर्स बालोद थे। अध्यक्षता मोहन भाई पटेल अध्यक्ष-गंगा मैय्या बाल कल्याण समिति बालोद ने की। विशेष भरत गांधी , जगदीश प्रसाद देशमुख , दीपक उपाध्याय,दीपक यादव थे। विशेष अतिथि द्वारा उद्घाटन भाषण के रूप में हमारे देश की महिमा एवं गरिमा का व्याख्यान किया गया। हमारा देश सदैव शांति का उपासक रहा है. हमारे सभी भारतीय भैया बहनों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर प्रेरित किया गया। यदि हमारे अंदर या सहयोग की भावना आ जाए तो हम भी निःसंदेह राष्ट्रीय सेवा में अपना योगदान प्रदान कर सकते हैं. यदि हम चाहे तो छोटे-छोटे कामों से भी देश भक्ति कर देश के लिए अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर सकते हैं। जगदीश देशमुख ने देश भक्ति पर अपना विचार प्रकट किया। साथ ही बताया कि हमारा भारत देश की जनसंख्या में युवाओं का महत्वपूर्ण स्थान है .देश की आजादी में युवाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यदि वर्तमान में हम युवाओं को शिक्षित करने, नशा मुक्ति करने एवं पर्यावरण संरक्षण साथ ही राष्ट्र धर्म की भावना से जोड़े तो निसदेंह हमारे भारत देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता । हमें हमेशा युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित करना चाहिए। तभी हम सही राष्ट्रभक्ति कर सकते हैं। भैया बहनों ने नृत्य , भाषण व देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन प्राचार्य दीनदयाल साहू और संचालन आचार्य देवधर साहू ने किया।

# आने वाली पीढ़ी को आजादी कैसे मिली, यह बताना है जरूरी





**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**बालोद ।** स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जुंगेरा, बालोद में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने निर्धारित समय पर बरसते पानी में पूजा-अर्चना के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। इस अवसर पर श्री देशमुख ने कहा कि "यह स्वतंत्रता हमें लंबे संघर्ष और बलिदानों के बाद प्राप्त हुई है। इस दिन को याद करना हर देशवासी के लिए गर्व और राष्ट्रभाव का विषय है। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि उन क्रांतिकारियों के बलिदान को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने हमें गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया।" उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देना आवश्यक है कि आज़ादी कितने संघर्षों के बाद मिली है। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकास की ओर अग्रसर है, और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। श्री देशमुख ने सभी प्रदेशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रप्रेम, समर्पण और त्याग की भावना हर नागरिक के मन में जागृत रहनी चाहिए। कार्यक्रम में नव-नियुक्त भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, वरिष्ठ नेता कृष्णकांत पवार, पवन साहू, राकेश यादव, यज्ञ दत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, जिला महामंत्री राकेश 'छोटू' यादव ,जिला प्रवक्ता जितेन्द्र साहू, जिला पदाधिकारी भुवनेश्वरी ठाकुर, प्रेम साहू, सुरेंद्र देशमुख ,मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अकबर तिगाला ,लोकेश श्रीवास्तव,कार्यालय प्रभारी विनोद जैन ,मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, नरेंद्र सोनवानी , शेखर वर्मा, अबरार सिद्धकी,संजय साहू,रवि पाण्डेय,मनीष गांधी, पुष्पेंद्र तिवारी, उमाशंकर मंत्री,विरेन्द्र साहु , रश्मि साहू , फिरोज,बालसिंग साहु, संतोष चंद्राकर, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में घर घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान का हुआ आयोजन





**बालोद >>डीबी डिजिटल मीडिया**

डौण्डी लोहारा विकास खण्ड आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर के निर्देशन में हर घर तिरंगा, चित्रकला, निबंध लेखन, स्लोगन, वाद-विवाद, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों बताए कि हर घर तिरंगा,चित्रकला प्रतियोगिता एक ऐसी प्रतियोगिता है जो भारत सरकार द्वारा शुरु किए गए हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करना और तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंध बनाना है,चित्रकला प्रतियोगिता इस अभियान के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में एक है जिसका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है।क्या है हर घर तिरंगाहर भारतीय को अपने घरों में तिरंगा लाने और हमारे देश की आजादी के जश्न में इसे गर्व से फहराने का निमंत्रण देता है।भारतीय राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ एक प्रतीक नहीं बल्कि हमारे सामूहिक गौरव और एकता का एक गहरा प्रतिनिधित्व है। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देश प्रेम की गहरी भावना लगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में अधिक जागरूक और समझ विकसित करना है। इस अवसर तिरंगा यात्रा, स्वच्छता रैली निकालकर जन जन तिरंगा पहुंचाने का संदेश दिया और घर-घर झंडा फहराने की अपील किया। इस अवसर बच्चों शिक्षक राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर, नारदराम भुआर्य, दीनदयाल अटल, सुनिल कुमार अलेन्द्र, गांधीराम बघेल, नारायण सिंह कोठारी, भूमिका मोवाड़े उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर ग्रामीणों को मिली सौगात, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन





**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**गुरुर ।** स्वतंत्रता दिवस पर ग्रामीणों को मिली सौगात, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन गुरुर। स्वतंत्रता दिवस पर गुरूर ब्लॉक के दो गांव को विकास कार्य की सौगात मिली। जिसके तहत आनंदपुर में जहां सामुदायिक भवन (मानस भवन) बनाने का कार्य शुरू होगा, जिसका भूमि पूजन जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। तो वहीं अन्य ग्राम भर्रीगांव में स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी उनके द्वारा किया गया। लगातार जनपद क्षेत्र के विभिन्न गांव में विकास कार्यों की सौगात जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू द्वारा दिया जा रहा है। जिसके लिए ग्रामीणों ने उनका आभार भी जताया। ग्राम पंचायत आनंदपुर एवं भर्रीगांव में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच तेजराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पाण्डेय ,उपसरपंच मुकेश धन्नाराम, रेवाराम, लीलाराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष भगवानी साहू, खिलावन साहू, बसंत साहू, राधेश्याम करियाम, सचिव उमेशवरी साहू, पंचगण एवं ग्राम वासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# खेमलाल देवांगन ने शान से लहराया तिरंगा

**गुरुर >>डीबी डिजिटल मीडिया**

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत अरकार में ध्वजारोहण कार्यक्रम में ग्रामीण सहित स्कूली बच्चों की उपस्थिति में स्थानीय सरपंच एवं भाजपा मंडल के अध्यक्ष खेमलाल देवांगन ने शान से तिरंगा लहराया। इस सरपंच खेमलाल देवांगन,उप सरपंच मनोज कुमार , केदारनाथ देवांगन, सुभाष चन्द्र चौधरी, रामनारायण साहू ,विनोद वैष्णव, ओम प्रकाश साहू, डेमन देवांगन, तुकेश ठाकुर , धनीराम सिन्हा,पंच हेलेश्वरी, किरण साहू, कुलेश्वरी साहू,डोमन नेताम, नरेश साहू, गौतम साहू,सत्तू साहू, साकेत व्यास, टिकेश्वर साहू, विद्या सिन्हा, जितेश साहू, नीरा साहू, चमेली देवांगन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सभी शिक्षकगण,पन्नालाल साहू, कुंदन व्यास ग्राम कोटवार आदि उपस्थित रहे।



# अपराध की रोकथाम के लिए व्यापारी संघ पुरूर की थाना प्रभारी ने ली बैठक, दिए गए निर्देश



**बालोद/गुरुर।** आईजी रामगोपाल गर्ग के निर्देश प्राप्त होने पर एपीसी योगेश कुमार पटेल, एएसपी मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एडीओपी बोनीफास एक्का के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पुरूर उप निरीक्षक प्रदीप कंवर के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम के संबंध में व्यापारी संघ पुरूर की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में सभी व्यापारीगण, दुकानदार, वरिष्ठ नागरिक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्हे थाना प्रभारी के द्वारा अपराध की रोकथाम हेतु सायबर फाड, ऑनलाईन धोखाधडी, नशे के कारण हो रहे अपराध, बढ़ते अपराध व उसके रोकथाम संबंधी दिशा निर्देश दिया गया। समय सीमा में दुकान बंद करने हेतु पुरूर क्षेत्र में स्थित ढाबा, चाय दुकान, पान ठेला को रात्रि 11 बजे तक बंद करने हेतु संचालको द्वारा सहमति दिया गया । अपराध की रोकथाम के लिए अपनी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अपने-अपने निवास/दुकानो में सीसीटीवी कैमरा लगाकर रखने एवं नियमित सीसीटीवी कैमरा चेक करते रहने की सलाह दिया गया। यातायात नियमो का सभी को पालन करते हुए व्यस्ततम एन एच 30 मार्ग में बेतरतीब खड़े वाहनो की पार्किंग, रख रखाव से होने वाली दुर्घटनाओ से बचने की सलाह दी गई। रोड पर घुम रहे गौवंश के पशु पालको को अपने अपने घरो में बाधकर रखने की सलाह दी गई। ग्राम के व्यापारी संघ, व्यवसायी, दुकानदारी, चाय दुकान, होटल, ढ़ाबा को समय में चालू एवं बंद करने, तथा संदिग्ध व्यक्तियो एवं अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियो की सूचना थाना में देने की अपील की गई। जिससे अपराध में रोकथाम की जा सके। अधिक से अधिक व्यक्तियों को सायबर प्रहरी ग्रुप में जुडकर जागरूक रहने अपील की गई।

# पार्षद सुमित शर्मा ने एक बेटी की शादी में 2100 का दिया योगदान

**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**बालोद।** बालोद नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 के युवा पार्षद सुमित शर्मा ने अपने वादे के मुताबिक अपने वार्ड में हुई एक बेटी की शादी में 2100 का योगदान दिया है। वार्ड की बेटी भावना यादव को उन्होंने 2100 नगद प्रदान किया। जिनका विवाह 23 मार्च 2025 को हुआ था। इस दौरान युवा पार्षद सुमित शर्मा बालोद में नहीं थे तो उक्त बेटी की शादी होकर ससुराल चली गई थी। हाल ही में जब वह अपने मायके बालोद आई तो इसकी जानकारी लगते ही उनके घर पहुंच कर सुमित शर्मा ने उन्हें उक्त राशि दी है। बता दे कि जब नगर पालिका चुनाव हो रहा था तो वार्ड पार्षद के चुनाव के लिए अपना भाग्य आजमाते हुए सुमित शर्मा ने 50 के स्टांप पेपर पर घोषणा करते हुए एक वचन पत्र लिखवाया था। जिसमें पहले ही बिंदु में वार्ड की बहन बेटियों की शादी होने पर 2100 कन्या विवाह में योगदान देने की बात लिखी गई थी इस वचन पत्र को निभाते हुए सुमित शर्मा ने वार्ड चुनाव के बाद हुई पहली शादी में अपना योगदान दे दिया है। जिस पर वार्ड वासियों ने भी हर्ष जताया। साथ ही भावना और उनके परिजनों ने युवा पार्षद के इस पहल की सराहना की। चुनाव के दौरान दिए गए 50 के स्टांप पेपर में वचन पत्र को निभाने के साथ साथ युवा पार्षद सुमित शर्मा अपने वार्ड की छोटी-मोटी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं। चाहे बात गर्मी में पेयजल की समस्या हो या आम मौसम में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कोई भी समस्या हो। उन्होंने जल्द समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तत्परता दिखाई है और इसी सक्रियता के चलते वार्ड वासी उनके कार्यों से संतुष्ट नजर आते हैं।



# पुलिस थाने के बैरक में एएसआई ने लगाई फांसी, डिप्रेशन में आकर कदम उठाने की है चर्चा, विधायक अनिला भेड़िया ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**बालोद।** दल्ली राजहरा थाने में स्थित एक बैरक एएसआई हीरामन मंडावी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शनिवार को सुबह जब तक अन्य स्टाफ को घटना की जानकारी हुई और उन्हें फंदे से उतार कर शहीद अस्पताल पहुंचाया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। तो इस आत्महत्या की वजहों को लेकर कई तरह की चर्चा सामने आ रही है एक विशेष चर्चा है कि डिप्रेशन में आकर श्री मंडावी ने यह कदम उठाया होगा। हालांकि हम इसकी किसी तरह से पुष्टि नहीं करते हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन में जुटी हुई है। मृतक पुलिसकर्मी मूलतः बोरसी दुर्ग का रहने वाला था। करीब 6 से 7 महीने पहले उनका अर्जुंदा थाने से राजहरा तबादला हुआ था। इसके पहले वे यातायात थाने में भी पदस्थ थे। इधर इस गंभीर मुद्दे पर दल्ली राजहरा थाने के भीतर बैरक में आत्मघाती कदम उठाए जाने पर डौंडीलोहारा की विधायक अनिला भेड़िया ने सवाल खड़े किए है। उन्होंने दल्लीराजहरा में पदस्थ ASI हीरामन मंडावी की आत्महत्या की घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग भी की है। श्रीमती भेड़िया ने कहा कि बालोद जिले के दल्लीराजहरा थाने में पदस्थ ASI हीरामन मंडावी द्वारा थाना परिसर में ही आत्महत्या करने की दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। जब वर्दी में रहने वाला एक पुलिसकर्मी ही सिस्टम के





दबाव में टूट जाए, तो यह प्रदेश की कानून-व्यवस्था और गृह विभाग पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। मैं इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करती हूँ और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी सांत्वना प्रकट करती हूँ।लेकिन साथ ही, मैं स्पष्ट कहना चाहती हूँ — गृह मंत्री जी, आपके विभाग की जिम्मेदारी है कि पुलिसकर्मियों का मनोबल ऊँचा रहे और वे सुरक्षित महसूस करें।

अगर थाने में तैनात जवान भी दबाव में आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाए, तो यह आपकी सीधी विफलता है।विधायक ने की ये तीन मांगेविधायक अनिला भेड़िया ने मीडिया में बयान जारी करने के साथ मांग की है कि इस पूरे मामले की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो। घटना के पीछे जिम्मेदार हर व्यक्ति को बिना किसी राजनीतिक दबाव के सख्त सज़ा मिले। पुलिस बल में मानसिक स्वास्थ्य सहायता और तनाव प्रबंधन की व्यवस्था तत्काल शुरू हो। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को अब यह समझना होगा कि यह केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सिस्टम के सड़ने और सत्ता की बेरुखी का नतीजा है। अगर सरकार और गृह मंत्री इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं करते, तो यह प्रदेश के हर पुलिसकर्मी और नागरिक के लिए खतरनाक संदेश होगा।

# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि







**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धेय अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा, "आज यदि छत्तीसगढ़ एक स्वतंत्र राज्य के रूप में खड़ा है, तो यह अटल जी की दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण की सोच का परिणाम है। उनका जीवन, विचार, देशप्रेम और पार्टी के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है।" इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता अखिल दीवान, नवनियुक्त अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मख़मूर इकबाल खान, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री शाहिद खान तथा युवा मोर्चा कार्यकर्ता अमित मैसरी एवं अमन प्रताप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धेय अटल के व्यक्तित्व, कृतित्व और योगदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना था।

## सरस्वती शिशु मंदिर बालोद द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा









**>>डीबी डिजिटल मीडिया**



**बालोद ।** शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य मोहन भाई पटेल, जीतेन्द्र भाई पटेल, भरत गांधी , लीलाधर साहू के आतिथ्य में लड्डू गोपाल श्री कृष्ण की पूजन आरती कर मटकी फोड़ दही हांडी का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात विभिन्न झांकियां कारागाह में श्री कृष्ण का जन्म, श्री कृष्ण बलराम सहित दही लूट, अर्जुन को गीता उपदेश देते श्री कृष्ण, राधा कृष्ण की मनोरम झांकी के साथ स्कूली भैया बहनों का भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली. जिसके चौक चौराहे पर छोटे भैया बहनों के द्वारा श्री कृष्ण जन्म उत्सव की मंगल नृत्य के साथ नगर वासियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गयी। वही नगरवासी भी चौक चौराहे पर पुष्प वर्षा कर मनोरम झांकी का स्वागत करते हुए व हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जय घोष लगाते दिखे। इस अवसर पर प्राचार्य दीनदयाल साहू सहित समस्त आचार्य दीदियों व सभी भैया बहन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हुई संगोष्ठी, शहर में निकला मौन जुलूस

**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**बालोद ।** भारतीय जनता पार्टी जिला का विभाजन विभीषिका दिवस संगोष्ठी का कार्यक्रम कुर्मी भवन बालोद में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। स्वागत उद्बोधन जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने किया। संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने इस संगोष्ठी में सभा को सम्बोधित करते हुए कहा - भारत के विभाजन विभाजन के लिए 4 पात्र जिम्मेदार थे। पहला अंग्रेज थे। हमारे देश के ऊपर शासन करने वाले अंग्रेज इसके लिए दोषी थे। अंग्रेजों ने विभाजन का बीज बोया। हिन्दू-मुस्लिम के बीच दरार पैदा करके उन्होंने यह काम किया। विभाजन के लिए दूसरा पात्र मुस्लिम लीग जिम्मेदार था। मुस्लिम लीग ने प्रस्ताव पास किया था कि हमें भारत में नहीं रहना है, अलग देश चाहिए। गांधीजी के राष्ट्रभक्ति पर प्रश्नचिह्न नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा था कि देश का विभाजन मेरी लाश पर होगा, लेकिन विभाजन हो गया और वह जीवित रहे। इस विभाजन का तीसरा पात्र है कांग्रेस। उस वक्त कांग्रेस का लचर और सत्ता प्रेमी नेतृत्व इसका कारण रहा और चौथा पात्र रहा वामपंथ। कांग्रेस और अंग्रेजों की इस लड़ाई को बुर्जुआ लड़ाई कहकर वामपंथी अंग्रेजों के साथ खड़े हो गए थे। विभाजन की विभीषिका के रूप में विभाजन की त्रासदी को याद करने और नई पीढ़ी को उससे अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त 2021 से इस दिवस के आयोजन की परंपरा को शुरू किया। हमारे देश का एक महाविनाशकारी विभाजन हुआ। आज का यह दिन हमको इस विषय पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है और इसलिए संपूर्ण देश के अंदर भारत विभाजन दुःखांतिका का स्मरण कराने का काम हम कर रहे हैं। जब देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता के जश्न में डूबा था, उसी समय देश के अंदर लाखों लोगों के घर लूटे गए, उनकी अपनी खुद की भूमि से उनको अलग होना पड़ा, हमारे ही समान उन्होंने भी स्वतंत्रता के लिए आंदोलन किया था, वह भी जेल गए। कांग्रेस के अधिवेशन लाहौर कराची के अधिवेशन में भी गए थे। 2 लाख से लेकर 20 लाख तक की संख्या की आबादी विभाजन के कारण हत्या की शिकार हुई। डेढ़ करोड़ लोगों की आबादी के अपनी




भूमि से निर्वासित होना पड़ा और 78 हजार वर्ग मील भूमि हमारे हाथ से चली गई। भारत माता खंडित हो गई। विभाजन के बाद जब हम अमृतसर के लिए लाहौर और कराची से चलते थे, वहां से हजारों लोग चले थे पर भारत आते-आते यह संख्या महज 10, 20, 25 बचती थी। अभी उसकी कल्पना करके देखें तो उस समय की विभीषिका कितनी भयानक रही होगी? आज का जो कोलकाता है, वहाँ जब मुस्लिम लीग ने 16 अगस्त 1946 को डायरेक्ट एक्शन किया तब 10 हजार लोगों का कत्ल हुआ था। एयरपोर्ट पर पैर रखने के लिए जगह नहीं थी और लोग लाशों के ऊपर चल रहे थे। हमारे देश के ऊपर शासन करने वाले साम्राज्यवादी शक्तियों के प्रतीक अंग्रेजों को जब ऐसा लगा कि देश का देश को छोड़कर जाना ही पड़ेगा तो जाते-जाते वह इसका विभाजन कर गए। अंग्रेज सोचते थे कि यहां भारत पाक संघर्ष होता रहेगा हम पंच के रूप में यहां पर नेता बने रहेंगे, भारत कमजोर रहेगा। इसलिए उन्होंने विभाजन के बीज बोने का काम किया। 1857 स्वाधीनता का जो प्रथम समर है, उसमें कहीं हिंदू और मुस्लिम का भेद नहीं दिखता है। बहादुरशाह जफर के नेतृत्व में भारत अपनी स्वतंत्रता के लिए निकला। अंग्रेज जानते थे कि अगर यह स्वतंत्रता की लड़ाई मिलकर लड़ते रहेंगे तो हम लंबे समय तक शासन नहीं कर पाएंगे, इसलिए मुस्लिम लीग की स्थापना 1906 में ढाका में हुई और फूट डालो-राज करो की नीति पर काम किया। टू-नेशन थ्योरी के तहत दो ही राष्ट्र मुस्लिम देश अलग, हिंदू राष्ट्र अलग। इसके लिए मुस्लिम लीग ने 1940 में कहा हम भारत में नहीं रह सकते हैं। यदि राष्ट्र का आधार धर्म है तो पाकिस्तान ,पूर्वी पाकिस्तान, आज का पाकिस्तान और बांग्लादेश का विभाजन क्यों हुआ? अफगानिस्तान और पाकिस्तान क्यों संघर्ष हुआ? दोनों ही मुस्लिम देश हैं। इस तरह एक गलत सिद्धांत को रचने का काम किया गया। तत्कालीन नेतृत्व ने काश धैर्य का परिचय दिया होता तो यह विभाजन नहीं होता। विभाजन तय होने के बाद जिन्ना जब कराची पहुँचे तो अपने एड़ीसी से उन्होंने कहा कि मुझे कल्पना नहीं थी इतनी जल्दी पाकिस्तान मिल जाएगा और कांग्रेस में मान जाएगी। पाकिस्तान बनने के 11 महीने के बाद जिन्ना का इंतकाल हो गया। इसी प्रकार आजाद हिंद फौज के बढ़ते प्रभाव के बावजूद भारतीय नेताओं ने धैर्य का परिचय नहीं दिया। अंग्रेजों को लगता



था कि आजाद हिंद फौज के सैनिकों की फौज उनके साथ खड़ी रही तो हम विभाजन नहीं कर सकते, इसलिए विभाजन की जो तारीख तय हुई थी, अंग्रेज उससे जल्दी भारत छोड़कर चले गए। 1905 में अंग्रेज बंग भंग लेकर आई थी। 1916 के लखनऊ अधिवेशन के बाद इस देश में एक परंपरा, जिसके दंश भारत आज भी भुगत रहा है, तुष्टीकरण शुरू हुई। हिंदी के नाम पर हिंदुस्तानी भाषा का नामकरण किया गया। तुष्टिकरण कल्चर से भारत झुकता चला गया। इस देश के अंदर संविधान का गौरव बढ़ाने का काम पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी ने किया। यह कांग्रेस ने नहीं किया था लेकिन कहा गया कि वह संविधान बदल देगा। जिन्होंने बाबा साहब को चुनाव नहीं जीतने दिया, वे लोग कह रहे हैं कि संविधान बदल देंगे। पहले समाज के लोगों को यह मालूम होना चाहिए कि सत्य क्या है? और हम स्वयं ही सत्य बोलें। इसकी जानकारी भी इकट्ठा करें, इसका अध्ययन भी करें और अपने आने वाली पीढ़ी को इस बारे में बताइए। इन राष्ट्र विरोधी ताकतों की असलियत को समझते हुए उनके फेक नैरेटिव से बचाना है। भारत का विभाजन देश का विभाजन नहीं था यह मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक थी। विभाजन का दंश जो पीढ़ी ने झेला है, उसे आने वाली पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी। यह कभी भूलना भी नहीं चाहिए। भारत विभाजन के दौरान लोगों का विस्थापन हुआ लोग अपनों से बिछड़ गए लोगों ने मजबूरी में किस तरह पलायन किया उसकी तस्वीरें को कोई नहीं भूल सकता है। यह दिवस पर संप्रभुता और अखंडता के लिए एकजुट होने का सबक है। विभाजन विभीषका की यातनाएं लाखों लोगों ने सहन की है साथ ही निर्ममता से मासूमों की हत्या की गई, बहु बेटियों का माता बहनों का निर्मम बलात्कार हुआ, लाखों लोग अपने जड़ों से दूर होकर शरणार्थी बनने को विवश हुए और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि दो नेताओं ने अपनी स्वार्थ को,कुर्सी के मोह को और देश को अलग रखा। भारत ने कभी धर्म-मजहब के नाम पर किसी से भेदभाव नहीं किया क्योंकि हम सर्वे भवन्तु सुखीन और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मानने वाले है।

यह हमारा सौभाग्य है।इतिहास में इतनी बड़ी विभिषिका कोई दूसरी नहीं हुई होगी। हम आजादी का जश्न तो मानते हैं परंतु उस जश्न के साथ में करोड़ों लोगों के दुख पीड़ा जिन्होंने अपने जन्मस्थान को छोड़, अपनी जड़ों को छोड़, अपने परिवार को खोया, अपने परिवार के लोगों के साथ अत्याचार देखा है। शायद विश्व के इतिहास में इतनी बड़ी विभीषिका कोई दूसरी नहीं हुई होगी। विभाजन के दौरान 20-20 लाख लोगों की हत्या हुई करोड़ों लोगों को अपना देश, अपनी जन्म भूमि अपनी जमीन छोड़कर आना पड़ा और कभी उनको याद नहीं किया जाता रहा। वहीं इस विषय पर जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि 75 साल तक हमारा दर्द दबा दिया गया, हमारी कहानियों को नजरअंदाज किया गया, हमारे कष्टों को नकार दिया गया।

आज के भारत के युवा चुप रहने से इनकार करते हैं, विभाजन सिर्फ जमीन का बंटवारा नहीं था यह जीवन मंदिर परिवार संस्कृति और सभ्यता की निरंतरता का बंटवारा था, विभाजन कोई दुर्घटना नहीं था यह धार्मिक अलगाववाद और राजनीतिक अवसरवाद से किया गया सुनियोजित षडयंत्र था। मुस्लिम लीग ने अलग इस्लामी देश की मांग की कांग्रेस ने मान ली, लाखों लोग मरे, वजह जनता नहीं बल्कि वो नेता थे जो राष्ट्रीय एकता के लिए लड़ नहीं सके, हमें भुलाने को कहा गया लेकिन हम कहते हैं बस अब और नहीं।यह माइग्रेशन नहीं था बल्कि पाकिस्तान में हुआ धार्मिक आधार पर हुआ नरसंहार था। लाहौर से ढाका तक हिंदू सिख बस्तियां मिटा दी गई घर जलाए गए महिलाओं के साथ बलात्कार व ट्रेनें लाशों से भारी भारत आई ,आज तक ना कोई न्याय न स्मारक ना ही जिम्मेदारों ने मांगी माफी, सवाल यह है कि भी विभाजन पर सहमति किसने दी।

# भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप का नेताओं ने किया भव्य स्वागत, विभिन्न मुद्दों को लेकर रखी गई मांग






**>>डीबी डिजिटल मीडिया**

**बालोद ।** स्टेडियम में ध्वजारोहण के बाद वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया।कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने एक सभा का आयोजन किया गया। मंत्री ने इस सभा में उपस्थित वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, प्रकोष्ठ, मोर्चा व जिले से आए सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने जिले की कुछ मांगों को लेकर मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। जैसे खपरी जलाशय एवं भाठागांव उद्वहन सिंचाई योजना को जल संसाधन विभाग बालोद में हस्तांतरित किया जाए, खपरी जलाशय का नवीन विश्राम गृह नहर खपरी में बनाया जाए, सहकार भवन बालोद में बनाने आदि मांग शामिल हैं। श्री देशमुख ने बताया कि खपरी जलाशय एवं भाठागांव उद्वहन सिंचाई योजना, वर्तमान में परियोजना का क्रियान्वयन कार्यालय दुर्ग में होने के कारण उक्त क्षेत्र के कृषकों से जुड़ी सिंचाई योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो पाता है।बालोद जिला के गुंडरदेही तहसील में खपरी जलाशय का निर्माण ब्रिटिश काल में लगभग 100 वर्ष पूर्ण हुआ है। आज की स्थिति में यह काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे विभाग के कर्मचारी एवं आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इसे नहर खपरी में बनाने का अनुरोध किया गया। बालोद में उपभोक्ता भंडार 94, विपणन संस्थाएं 06, मत्स्य समिति 102, दुग्ध समिति 70, बुनकर समिति 51, वनोपज समिति 17, प्राथमिक समिति 145, सहित कुल 500 से अधिक सरकारी समितियां जिले में क्रियाशील है ,सरकारी क्षेत्र में कृषकों के प्रशिक्षण एवं बैठक स्थल की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए सहकार भवन का निर्माण होना आवश्यक बताया गया है।

इन सभी मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष ने मंत्री से अनुरोध किया और मंत्री जी ने इन सभी मांगों को सहज स्वीकार करते हुए कहा कि सभी मांगे बिना किसी रुकावट जल्द से जल्द पूरी होगी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर,जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, कृष्ण कांत पवार,पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू,वरिष्ठ नेता यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, सौरभ लुनिया, एवं जिले के समस्त पदाधिकारी, समस्त मंडल, समस्त मोर्चा, समस्त प्रकोष्ठ,व जिले से आए सभी कार्यकर्ताओं ने मंत्री केदार कश्यप का धन्यवाद किया।

संपादकः **माधुरी दीपक यादव**, सलाहकार संपादक-**यशवंत पुरी गोस्वामी**, उप संपादक- **मधू दीपक देवदास**,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - **मुनेंद्र यादव**